# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज का कांकेर में किया वर्चुअल लोकार्पण

- बस्तर में सभी तरफ फैले शिक्षा का उजियारा: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- प्रदेश में खुलेंगे 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज
- अंग्रेजी माध्यम में हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम कॉलेज में प्राप्त करेंगे शिक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर में प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से जो बच्चे हायर सेकेण्डरी स्कूलों से पढक़र निकलेंगे, वे स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में आगे भी इसी माध्यम से पढ़ाई जारी रख सकेंगे। प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से पहले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण आज कांकेर में हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि आज प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का शुभारंभ कांकेर में हो रहा है। हमारा प्रयास है कि बस्तर में शिक्षा का उजियारा सभी तरफ फैले। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रायपुर एनआईटी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित कांकेर की छात्राएं गरीब परिवारों की हैं। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें अवसर प्रदान करने की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कांकेर जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में कांकेर जिले में स्कूली बच्चों के लिए संचालित 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम अंतर्गत एनआईटी रायपुर में चयनित तीन छात्राओं तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित एक छात्रा से बातचीत की और उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गरीब परिवारों की इन छात्राओं को राज्य शासन द्वारा आगे की पढ़ाई के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले के 75 बच्चों ने जेईई में क्वालीफाई किया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कांकेर जिले में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों जिन्हें नौकरी मिली है, उनके साथ तथा कांकेर के अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के छात्रों से संवाद किया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कांकेर में संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल सोरी, विधायक अंतागढ़ अनूप नाग, विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी, अध्यक्ष नगर पालिका सरोज ठाकुर, कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के विद्यार्थी को भी अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने के लिए वर्ष 2020 में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की शुरुआत की गई। यह योजना प्रदेश में काफी लोकप्रिय हुई। भेंट मुलाकात के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की मांग की जाती थी, जिसके आधार पर अनेक स्कूलों की शुरूआत हुई। प्रदेश में आज स्वामी आत्मानन्द योजना के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिंदी माध्यम के 350 स्कूल संचालित हो रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अब तक तीन किश्तों में 01 लाख 17 हजार हितग्राहियों को 80 करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में पिछले साढ़े चार सालों में 26 हजार 989 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई हैं। पहले 14 हजार 500 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई थी, इनमें से 10 हजार 834 शिक्षकों को स्कूलों में नियुक्तियां दी जा चुकी है। हाल ही में 12 हजार 489 शिक्षकों की और भर्तियां निकाली है, जोकि प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम किया गया है। बस्तर संभाग के 314 बंद स्कूलों को पुन: खोला गया। बेरोजगार युवाओं को नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।

राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से बस्तर में विश्वास, विकास और सुरक्षा का वातावरण बना है। संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना से बच्चे उत्साहित हैं। बस्तर अंचल के बच्चे भी स्मार्ट हों और उन्हें बड़े पदों पर सेवा का अवसर मिले।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लालच देकर 4 करोड़ से अधिक की ठगी, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कोटेक महेन्द्रा बैंक कार्यालय के मार्केटिंग एजेंटट ने 15 लोनियों से सांठ-गांठ कर लाभ पहुंचाने के नियत से 4 करोड़ से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश राठौर कोटेक महेन्द्रा बैंक कार्यालय सिटी प्लाजा जीई रोड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपी अनिल सिंह भदोरिया व दिलीप सिंह ने बैंक में डायरेक्टर व मार्केटिंग एजेंट के पद पर कार्यरत रहने के दौरान 15 लाोनियों से सांठ-गांठ कर उन्हें लाभ पहुंचाने के नियत से प्रत्येक लोनियों का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 4 करोड़ 16 लाख 79 हजार 514 रुपए का लोन प्रदान कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 409, 420, 34 के तह अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमीन का सौदा तय कर 5 लाख से अधिक की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम कुरा स्थित जमीन को 90 लााख 11 हजार रुपए में बिक्री करने का सौदा तय कर 5 लाख 51 हजार रुपए बयाना ले लिया और भूमि की बिक्री ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दानेश्वर साहू 38 वर्ष ग्राम पौंड का रहने वाला है। बताया जााता है कि प्रार्थी ने ग्राम कुरा स्थित भूमि को खरीदने के लिए आरोपी लीलाराम साहू से 90 लाख 11 हजार रुपए में सौदा तय किया। जिससे तहसील कार्यालय में ईकरारनामा तैयार कर प्रार्थी ने बयाना के तौर पर 5 लाख 51 हजार रुपए आरोपी को दे दिया। जिसके बाद आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री ना कर प्रार्थी को घुमाने लगा। जिससे तंग आकर प्रार्थी ने इसकी शिकायत गोबरानवापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बारूद ब्लास्ट के बाद पत्थर उछलकर मासूम के सिर पर गिरा, बच्ची की हालत गंभीर

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कुरूद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोकड़ी गांव में बारूद ब्लास्ट से एक 8 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को उपचारार्थ भर्ती कराया गया है, बच्ची तीसरी कक्षा की छात्रा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर में भोजन अवकाश के समय बच्ची बाहर निकली थी, इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसे में बच्ची के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए उसे तत्काल राजिम पहुंचाया गया। यहां भी बच्ची की गंभीर स्थिति भांपते हुए चिकित्सकों ने उसे अविलंब रायपुर के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, कुरूद थाना क्षेत्र के कोकड़ी नारी गांव के रहने वाले भोजराज धुरव की 8 साल की बेटी रोज की तरह स्कूल गई थी। दोपहर खाने की छुट्टी हुई तो बच्ची स्कूल के खाली परिसर में खड़ी थी। इसी दरम्यान एक पत्थर छिटकर उनके सर पर लगी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। स्कूल स्टाफ ने इसकी जानकारी परिजनों को दी।

### कलयुगी पिता ने अपनी 12 साल की पुत्री को बनाया हवश का शिकार

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** एक कलयुगी पिता ने पिता और बेटी के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया है। इस कलयुगी पिता ने अपनी ही 12 साल की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। सूत्रों ने बताया कि मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। यहां रिश्ते को शर्मसार करते हुए एक कलयुगी पिता ने अपनी ही 12 साल की बेटी को हवस का शिकार बना लिया। घटना के बाद नाबालिग की मां ने पुलिस में इसकी शिकायत की। मां की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में 29 हजार 158 भवनों का प्राक्कलन अपलोड

- मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से संवर रहे स्कूल
- 1918 स्कूलों की मरम्मत पूर्ण और 13,495 स्कूल भवनों के रेनोवेशन का कार्य जोरो पर

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य में सरकारी स्कूल, छात्रावास एवं आश्रम शाला भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन एवं आवश्यक अधोसंरचना के निर्माण का काम तेजी से कराया जा रहा है। अब तक 1918 स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 13,495 भवनों की मरम्मत एवं रंग-रोगन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। स्कूलों, छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं के रेनोवेशन का यह कार्य 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' के अंतर्गत कराया जा रहा है। इसके लिए अब तक 2033 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।



गौरतलब है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूल, छात्रावास, आश्रम शालाओं में आवश्यक मरम्मत एवं अधोसंरचना के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' संचालित की जा रही है, इस योजना का उद्देश्य शाला भवनों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रेनोवेशन कराया जाना है। इसके साथ ही यदि कोई भवन जर्जर एवं अनुपयोगी हो गया हो तो उसको डिमॉलिस कराने के साथ ही आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाना है।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के राज्य में स्कूल भवनों, छात्रावासों के मरम्मत एवं रेनोवेशन के लिए 27,514 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसकी लागत 2033 करोड़ रूपए है, तहत छत्तीसगढ़ में 26 हजार 388 स्कूलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टरों द्वारा अब तक 26,388 निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है, जिनमें से 1918 कार्य पूरे कर लिए गए हैं और 13,495 कार्य प्रगति पर हैं। जिन स्कूलों, आश्रम शालाओं, छात्रावासों में मरम्मत कार्य पूर्ण हो गया है, वे अब नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं, यहां बच्चों को बेहतर परिवेश में पढऩे की सुविधा मिल रही है।

# जहरीला पुटू खाने से सात गंभीर

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पखनापारा आश्रित ग्राम गंगदेई में पुटू (मशरूम) खाने से एक ही परिवार के सात लोगों की हालत गंभीर हो गई। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों ने बताया कि ग्राम पंचायत पखनापारा (गंगदेई) निवासी महेश दास पानिका का 12 वर्षीय पुत्र आदर्श, अपने बाड़ी से पुटू लेकर आया था। ये पुटू पैरा के पास निकला हुआ था, जिसे पैरा पुटू समझकर घर में सब्जी बनाया गया और इसे सभी ने खाया। भोजन के बाद महेश काम पर चला गया और उसका बेटा आदर्श स्कूल चला गया। इधर स्कूल पहुंचने के बाद आदर्श की तबियत बिगडऩे लगी और उसे उल्टी शुरू हो गई। उसकी हालत बिगड़ते देख तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी ओर घर के अन्य सदस्यों में भी यही लक्षण उभरा और सभी की तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में सभी को भिलाई बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जिसमें महेश दास पनिका, उसकी पत्नी सरोजनी बाई, मां मानकुंवर, भाई जितेंद्र, ऋतु, पुत्र आदर्श और आरव्या को फूड प्वाइजनिंग होना बताया गया। दो बच्चों की स्थिति गंभीर थी, जिनका प्राथमिकता के साथ उपचार किया गया। वर्तमान में सभी की हालात खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# फर्जी आरटीओ अधिकारी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा-रायपुर (आरएनएस)।** बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने व लोन दिलाने के नाम पर 1 लाख 35 हजार की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि पूरा मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ इलाके के ग्राम नगरदा का रहने वाले आरोपी भागीरथी साहू उर्फ गुड्डा खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर 26 लोगों को लोन दिलाने और रोजगार दिलाने के नाम पर 1 लाख 35 हजार रूपए ऐंठ लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी भागीरथी साहू को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से फर्जी दस्तावेज, स्टाम्प सील, शपथ पत्र, बिल बुक, मोबाइल को जब्त किया है। आरोपी भागीरथी साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगरदा गांव का रहने वाला है, जो वर्तमान में जांजगीर के कचहरी चौक में रहता है।

मामले में पुलिस जांच कर रही है। बताया गया कि 14 मई को भागीरथी साहू ने खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर किरारी गांव के अशोक साहू की दुकान में जानकारी दी, कि जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जांजगीर में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए लोन के संबंध में बताते हुए आवेदन के लिए 35 सौ रुपये एवं 15 सौ बीमा की राशि जमा करने की बात कही। इसके बाद आरोपी के झांसे में आकर 26 लोगों ने 5-5 हजार यानी 1 लाख 35 हजार रुपये उस दे दिए। आरोपी ने 26 लोगों को ढाई लाख का अनुदान राशि प्राप्त होने के संबंध में फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि हड़प ली। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया और आरोपी भागीरथी साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सैलानियों को शीघ्र मिलेगा तांदुला जलाशय के तट पर तांदुला इको फ्रें डली टूरिज्म पार्क की सौगात

**बालोद (आरएनएस)।** बालोद जिले के प्रमुख एवं जीवनदायिनी तांदुला नदी में निर्मित तांदुला जलाशय के तट के मनोरम प्राकृतिक वादियों में शीघ्र ही यहां भ्रमण हेतु आने वाले सैलानियों को 'तांदुला इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क' की सौगात मिलने वाली है। संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के समीप आदमाबाद में निर्माणाधीन 'तांदुला इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क' का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। उल्लेखनीय है कि आदमाबाद के समीप स्थित तांदुला जलाशय का यह तट जंगल एवं हरे-भरे वृक्षों से आच्छादित होने तथा बेहतरीन प्राकृतिक परिवेश और जरूरी सुविधाओं से युक्त होने के कारण यह पर्यटन स्थल सैलानियों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तांदुला इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर अगस्त माह में इसे सैलानियों के भ्रमण हेतु प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्य से जुड़े कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने तांदुला इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क के मुख्य द्वार का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के भी निर्देश दिए। जिससे की पार्क में मवेशियों एवं अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश न हो सके। इसके अलावा पार्क में समूचित मात्रा में पौधा रोपण कराने तथा पूर्व में रोपे गए पौधों का समूचित रखरखाव एवं इसके लिए समय पर पानी इत्यादि की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने पार्क में चंपा एवं अन्य फूलों के अलावा फलदार पौधों का रोपण कराने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि तांदुला इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क हरियाली से पूरी तरह से आच्छादित होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों के रूकने के लिए निर्माणाधीन कार्टेज, मचान, टेंट हाउस, रेस्टोरेंट, वाटर बॉडी, बुद्धा स्टेच्यू, गार्डन आदि में पहुंचकर निर्माण कार्यों का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को इको फ्रेंडली टूरिज्म पार्क के अनुरूप बेहतरीन एवं आकर्षक ढंग से निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा रेस्टोरेंट में फर्नीचर आदि के अलावा कार्टेज में जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# समर्थन मूल्य पर 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदी का निर्णय - मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री जांजगीर-चांपा जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जांजगीर चांपा जिले के ब्रम्हनडीह विकासखंड के ग्राम बिर्रा के दशहरा मैदान में आयोजित जिला साहू संघ के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की तथा समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम पंचायत बिर्रा एवं बम्हनीडीह को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत बिर्रा में ही नवीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, नवीन सामुदायिक भवन बनाने, बिजली विभाग का जूनियर इंजीनियर कार्यालय खोलने को स्वीकृति प्रदान की है। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री ने हसदेव नदी पर बम्हनीडीह से दहिदा सडक़ पल निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की।

बघेल ने कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। इसके लिए हमने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, भूमिहीन मजदूरों सहित तमाम वर्गों के लिए जनहित में अनेक योजनाएं बनाई है। राज्य के 26 लाख किसान राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। हमने धान की बम्पर पैदावार को देखते हुए इस वर्ष प्रति एकड़ 15 क्विंटल को बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय लिया है। हमारी सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। स्कूल जतन योजना के माध्यम से स्कूलों का रंग रोगन किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपए खर्च किया जा रहा है। आज कांकेर में प्रदेश का पहला स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज प्रारंभ किया गया है। राज्य सरकार द्वारा बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के विभिन्न समाजों को सामाजिक भवनों के लिए किफायती दर में जमीन उपलब्ध करायी गई है। इसके साथ ही साथ विभिन्न समाजों को सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए सहायता भी दी जा रही है। जिसका यह सुखद परिणाम है कि आज राज्य के अनेक समाजों के पास जमीन एवं भवन उपलब्ध है। इस भवन का उपयोग सभी नागरिक विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में कर रहे हैं।

# चाय वाले की बेटी ने भेदा एनआईटी का लक्ष्य, रायपुर में करेगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई

- एनआईटी में चयनित कु. शालिनी ने जताया मुख्यमंत्री का आभार
- हमर लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत जेईई एडवांस परीक्षा में दिखे अच्छे परिणाम

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में स्थित कोरर एक दूरस्थ क्षेत्र है। यहां के बच्चों ने कभी नहीं सोचा था कि वो एक दिन अपना असंभव सा लगने वाला लक्ष्य पूरा करेंगे। कोरर की रहने वाली शालिनी कहती हैं यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमर लक्ष्य योजना की शुरूआत नहीं की होती तो आज एनआईटी में पढऩे का उनका सपना कभी पूरा नहीं हो सकता था। कहते हैं न प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती और न ही वह स्थान देखती है। वर्तमान परिवेश में प्रतिभायें पिछड़े एवं ग्रामीण ईलाकों से भी निकल रही है और अपना परिचय दे रही है। ऐसी ही कहानी है कांकेर जिले के कोरर की जहां की कुमारी शालिनी औरैया का एनआईटी मैकेनिकल में चयन हुआ है। शालिनी से बात करने पर उसने बताया कि उसके पिता कोरर में एक सामान्य चाय का ठेला चलाते है। उनकी इच्छा थी कि उनकी बेटी अच्छी शिक्षा प्राप्त करे लेकिन आर्थिक स्थिति इस काम में बाधा डाल रही थी। शालिनी ने बताया कि उसने 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरर में ही पूरी की और उसे 88 प्रतिशत प्राप्त हुए। इसके बाद उसने जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित हमर लक्ष्य कोचिंग सेंटर में अपनी कोचिंग प्रारंभ की। शालिनी की इस सफलता को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन ने उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस सहयोग के मिल जाने से शालिनी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस योजना ने मेरे उड़ान के हौसले में पंख लगा दिया है जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री का सदैव आभारी रहूंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कांकेर जिले में आयोजित स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर का लोकार्पण, हमर लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत एनआईटी रायपुर में चयनित छात्रों को कॉलेज फीस हेतु सहायता राशि का वितरण एवं बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र वितरण, हितग्राहियों एवं विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कांकेर जिले के कोरर की निवासी कुमारी शालिनी औरैया ने मुख्यमंत्री से बातचीत की। कुमारी शालिनी का चयन एनआईटी रायपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई हेतु चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालय खोले जा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी मदद दी जा रही है। कांकेर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ जेईई, एनडीए एवं नीट की परीक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिसे अच्छे परिणाम आ रहें हैं। जेईई की परीक्षा में कांकेर जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हांसिल की हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU